**भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद**
**आज़ाद भवन, आई पी इस्टेट, नई दिल्ली – 110002**

**निविदा आमंत्रित सूचना**
**(केवल ई-टेंडर के माध्यम से)**

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद द्वारा प्रकाशित हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल की 3000 प्रतियों के मुद्रण के लिए संलग्नक विशेष विवरण (specifications ) एवं नियम और शर्तों के साथ निविदा आंमत्रित करती है। टेंडर केवल उन्हीं एजेंसियों से आमंत्रित है, जोकि परिषद के पैनल पर पंजीकृत है।

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (भा.सां.सं.प.) द्वारा गत 41 वर्षों से हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल का प्रकाशन किया जाता है। गगनांचल पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना तथा पत्रिका के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करना है। गगनांचल पत्रिका का वितरण विदेश स्थित भारतीय दूतावासों, भारतीय सांस्कृतिक केन्द्रों, विभिन्न विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों व भारत में संसदीय हिंदी समिति के सदस्यों, लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्यों को किया जाता है।

**निविदा संबंधित विवरण :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सं. | हिंदी/पत्रिका/गगनांचल/निविदा/2020<br>Hindi/Magazine/Gagnanchal/Quotation/2020 |
| 2. | दिनांक | 03.02.2020 |
| 3. | कार्य का नाम (Name of Work) | हिंदी द्विमासिक पत्रिका 'गगनांचल' के मुद्रण हेतु<br>For Printing of Hindi Bimonthly Magazine |
| 4. | निविदा प्रकाशन एवं डाउनलोड करने की तिथि | **07.02.2020** |
| 5. | निविदा जमा करने की आखिरी तिथि | **27.02.2020 दोपहर 12:00 बजे तक** |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | **27.02.2020 दोपहर 3:00 बजे** |
| 7. | मुद्रण हेतु बयाना राशि (ईएमडी) | रू. 10,000/- |

यदि आप संलग्नक विशेष विवरण (specifications) और अनिवार्य तकनीकी क्षमताएं व शर्तों के आधार पर आश्वस्त हैं तथा उच्च मानक और समयबद्ध गुणवता वाले मुद्रण के लिए परिषद की आवश्यकताओं को पूरा करने मे सक्षम हैं तो गगनांचल पत्रिका के मुद्रण हेतु www.tenderwizard.com/ICCREPROC ऑनलाइन निविदा जमा करें। परिषद द्वारा वांछित दस्तावेजों की हार्डकापी (Hardcopy) **वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक (हिंदी), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, आज़ाद भवन, आई पी इस्टेट, नई दिल्ली – 110002** को सम्बोधित कर **दिनांक 27.02.2020 दोपहर 12:00 बजे** तक जमा कर सकते है।

सु. भाटिया

**(सुलक्षणा भाटिया)**
वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक (हिंदी)
011- 23379386

# हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल के मुद्रण के लिए उद्धरण (Quotation)

## पत्रिका मुद्रण हेतु विवरण

| | |
|---|---|
| **पत्रिका का नाम** | **गगनांचल (हिंदी द्विमासिक पत्रिका)** |
| आकार (Size) | 8.25"x 11" |
| मात्रा (Quantity) | 3000 प्रतियां |
| पृष्ठ संख्या(No.of pages) | 100 (4 कवर पृष्ठ सहित) |
| रंग (Colour) | रंगीन व ब्लैक एंड वाइट<br>40 पृष्ठ 4 कलर में (4 कवर पृष्ठ सहित)<br>60 पृष्ठ ब्लैक एंड वाइट |
| कागज (Paper) | 100 ग्राम आर्ट पेपर मैट |
| कवर कागज (Cover page) | 225 ग्राम इम्पोर्टेड आर्ट कार्ड |
| बाइडिंग (Binding) | परफेक्ट बाइडिंग |

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

**(दस्तावेज को पीडीएफ फाईल में अपलोड करें)**

**नोट: केवल परिषद के पैनल पर पंजीकृत एजेंसी ही आवेदन करें।**

| क्रम सं. | दस्तावेज | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | कंपनी का नाम, पता, दूरभाष, स्थापना की तिथि प्रोफाइल के साथ संलग्न करें। | पीडीएफ (.pdf) |
| 2. | डिजाईनिंग, कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, ले-आउट, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग, आर्ट वर्क इत्यादि क्षमताएं निविदाकर्ता के पास हो व यह सभी सुविधायें एक ही पते पर उपलब्ध हों। | पीडीएफ (.pdf) |
| 3. | भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद में पंजीकृत होने का प्रमाण – पत्र संलग्न करें। | पीडीएफ (.pdf) |
| 4. | ईएमडी रू. 10,000/- की सॉफ्टकॉपी व बैंक विवरण **(सत्यापित प्रति)** | पीडीएफ (.pdf) |
| 5. | निविदा सूचना में दर्शाए गए नियम और शर्तों को कंपनी द्वारा पूरा करना अनिवार्य होगा। | पीडीएफ (.pdf) |
| 6. | कंपनी द्वारा मुद्रित की गई पत्रिका के नमूने की प्रतियां परिषद (कार्यालय) को उपलब्ध करायें । | (हार्डकॉपी) |
| 7. | कागज के नमूने के बिना प्रस्तुत किए जाने वाले टेंडर के मामले में, भा.सां.सं.प. किसी भी प्रकार का कोई भी कारण दिए बिना एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। | (हार्डकॉपी) |

# प्राइस बिड (Price Bid)

(कार्य का विवरण को पीडीएफ फाईल में अपलोड करें)

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | दरें |
|---|---|---|
| | **3000 प्रतियों के मुद्रण हेतु कुल लागत :** | |
| 1. | कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, ले-आउट, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग आदि। | रू. |
| 2. | मुद्रण व्यय : | |
| | काले-सफेद पृष्ठ (60 पृष्ठ) | रू. |
| | रंगीन पृष्ठ (40 पृष्ठ) | रू. |
| 3. | कागज की कुल लागत | |
| | 100 ग्राम आर्ट पेपर मैट (100 पृष्ठ की पत्रिका) | रू. |
| | 225 ग्राम इम्पोर्टेड आर्ट कार्ड (कवर पृष्ठ) | रू. |
| 4. | 3000 प्रतियों के लिए लेमिनेशन व्यय | रू. |
| 5. | कवर डिजाइनिंग का कुल व्यय | रू. |
| 6. | 3000 प्रतियों हेतु बाइडिंग व्यय | रू. |
| 7. | अन्य व्यय (जैसे भाड़ा, मजदूरी व ढुलाई इत्यादि) | रू. |
| 8. | जी.एस.टी. | रू. |
| | कुल लागत* | रू. (जी एस टी सहित) |
| | | |
| | फोटोग्राफ** (हाई रेजोल्यूशन) | रू. ....प्रति फोटो |

*कुल लागत का उल्लेख करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**फोटोग्राफ की दर को कुल लागत में सम्मिलित न करें, अलग से दर्शायें। यदि फोटोग्राफ की दर जीएसटी सहित/रहित है तो उसका उल्लेख करें।

नोट: निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी से अनुरोध किया जाता है कि वे ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट पात्रता मानदंड और नियम एवं शर्त पढ़ें।

अनिवार्य तकनीकी क्षमताएं :

1. पत्रिका के मुद्रण हेतु चार रंग ऑफसेट प्रिंटिग मशीन का होना अनिवार्य है साथ ही चार रंग ऑफसेट प्रिंटिग मशीन की संख्या बताएं।

2. पत्रिका का प्रकाशन यूनिकोड (मंगल फोंट) में किया जाना अनिवार्य है।

3. गगनांचल पत्रिका के प्रत्येक अंक हेतु एक से अधिक कवर डिजाइन के प्रारूप भिजवाने होंगे।

4. गगनांचल पत्रिका का सामान्य अंक 100 पृष्ठ का होता है जिसमें से 60 पृष्ठ (काले – सफेद पृष्ठ) और 40 पृष्ठ (रंगीन पृष्ठ) होते है और इसकी कुल लागत की गणना इस प्रकार की जाएगी **काले – सफेद पृष्ठ (60×3000×प्रति पृष्ठ की दर) और रंगीन पृष्ठ (40×3000×प्रति पृष्ठ की दर)**

5. निर्धारित 100 पृष्ठों से यदि 4 पृष्ठ अधिक तक कोई अतिरिक शुल्क नहीं होगा और यदि निर्धारित पृष्ठों से 4 पृष्ठ से कम हो तो शुल्क में कोई कमी नहीं की जाएगी।

6. कागज/कवर कागज के नमूने की प्रति के साथ एजेंसी द्वारा मुद्रित किसी भी पत्रिका की नमूने के तौर पर एक प्रति भा.सां.सं.प. को निविदा की ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि तक अवश्य भिजवाएं, अन्यथा निविदा अमान्य होगी। लिफाफे के ऊपर **"गगनांचल की 3000 प्रतियों के मुद्रण हेतु कागज के नमूने"** का उल्लेख हो।

7. अनुबंध/निविदा किसी भी परिस्थिति में हस्तांतरणीय (Transferable) नहीं होगा।

8. संपादक द्वारा मुद्रक को पहली बार दी गई मुद्रण सामग्री दो सप्ताह के अंदर तथा दूसरी व तीसरी बार दी गई मुद्रण सामग्री एक-एक सप्ताह के अंतराल में संपादक को भिजवायी जानी होगी और इसकी सूचना परिषद को इमेल के माध्यम से दी जाएगी।

9. अनुबंध, तकनीकी बिड में प्राप्त योग्यता (qualifying) और न्यूनतम दर प्रस्तुत के आधार पर किया जाएगा।

10. यदि एक या एक से अधिक एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दरें समान होती है तो, कार्यालय ऐसे सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों को वर्गीकृत करने का अधिकार रखता है।

11. फर्मों/एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित नियम व शर्तों को पूरा करते हुए बिना किसी शर्त के निविदा की संपूर्ण दरें प्रस्तुत करें तथा सभी दरें शब्दों और आंकड़ों दोनों में लिखी होनी चाहिए।

12. निविदा में दर्शाई गई दरें निविदा खोलने की तिथि से 180 दिन तक वैध होनी चाहिए।

13. निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

14. परिषद द्वारा किसी भी समय एजेंसी व प्रेस का निरीक्षण किया जा सकता है।

15. अनुबंध (Contract) की कार्यावधि तीन वर्ष तक होगी।

## शर्तें :

1. पत्रिका में प्रकाशित की जाने वाली सामग्री की कम्पोजिंग, टाइपिंग, पेज सेटिंग, पेज मेकिंग, लेआउट-, फोटोशॉप, प्लेटमेकिंग, फॉरमेटिग इत्यादि कार्य पूर्ण कर तथा कवर डिजाइन तैयार कर संपादक को भेजना होगा। इस प्रक्रिया के दौरान संपादक व परिषद के साथ संपर्क एवं समन्वय बनाये रखना आवश्यक होगा।

2. टेंडर में मांगे गये कागज के नमूने से अलग किसी दूसरे प्रकार के कागज का मुद्रण में प्रयोग करने पर अनुबंध निविदा खारिज किया जा सकता है।

3. यदि परिषद द्वारा मुद्रण में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो मुद्रक द्वारा स्वयं अपनी लागत पर पुनर्मुद्रण किया जाएगा।

4. परिषद द्वारा निर्धारित मुद्रण की समय सीमा 12 दिन की होगी। मुद्रक द्वारा किसी भी कार्य में विफल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए परिषद स्वतंत्र होगा जिसके लिए मुद्रक द्वारा कोई भी दावा नहीं किया जाएगा।

5. प्रत्येक एजेन्सी/फर्म से अपेक्षा की जाती है कि वह बयाना राशि (ईएमडी) रू. 10,000/- परिषद को एक अलग बन्द लिफाफे पर **'गगनांचल पत्रिका के मुद्रण हेतु बयाना राशि** स्पष्ट रूप से लिख कर उसे **"भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद"** के पक्ष में रू. 10,000/- (रूपये दस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक प्रस्तुत करें तथा ऑनलाइन निविदा के साथ ईमडी की सॉफ्टकॉपी (प्रतिलिपि) अपलोड करें। बयाना राशि के बिना निविदा को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया की समाप्ति पर सभी असफल फर्मों/एजेंसियों को बयाना राशि वापिस कर दी जाएगी। यदि परिषद द्वारा बयाना राशि वापिस करने में विलंब होता है तो इस स्थिति में कोई भी ब्याज/जुर्माना का भुगतान परिषद द्वारा नहीं किया जाएगा।

6. बयाना राशि की वैधता, निविदा वैधता के 45 दिन बाद तक वैध होनी चाहिए।

7. सफल एजेंसी को कार्यभार सौंपे जाने से पूर्व भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद को निष्पादन सुरक्षा (Performance Security) जमा कराना अनिवार्य होगा तथा यह निष्पादन सुरक्षा रू. 30,000/- बैंक गांरटी के रूप में होगी जिसकी अवधि तीन साल तीन महीने तक वैध होनी चाहिए। बैंक गारंटी पर परिषद द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

8. सफल एजेंसी द्वारा परिषद को निष्पादन सुरक्षा प्रदान किये जाने के उपरांत उनकी बयाना राशि (ईएमडी) वापिस कर दी जाएगी।

9. परिषद के पास बिना कारण बताए निविदा खोलने की तारीख को आगे बढ़ाना, स्थगित करना अथवा वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

10. परिषद अपने पास बिना कारण बताए मुद्रक बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

11. मुद्रक द्वारा मुद्रित पत्रिका स्वयं परिषद को सुपुर्द करनी होगी ।

12. अग्रिम भुगतान करने का कोई प्रावधान नहीं होगा । पत्रिका की मुद्रित प्रतियां कार्यालय को सुपुर्द करने के उपरांत एजेंसी द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर, बिल का भुगतान किया जाएगा ।

13. निविदा दस्तावेज में किसी भी समय संशोधन, ई-सबमिशन की समय सीमा से पहले किसी भी समय www.tenderwizard.com/ICCREPROC पर कोरिजेंडम के रूप में अपलोड किया जाएगा । ऐसे संशोधन / सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों के लिए बाध्यकारी होंगे ।

घोषणा पत्र :

यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस ई-टेंडर पर हस्ताक्षर करने से पहले मैं / हम इसे पढ़ चुके हैं और इनका पालन करने के लिए इसमें शामिल सभी नियमों और शर्तों को पूरी तरह समझ चुके हैं।

हस्ताक्षर ................................................

नाम और पदनाम........................................ .....

एजेन्सी/फर्म का नाम और पूरा पता................................................

................................................

................................................

................................................

ई मेल व सम्पर्क नम्बर ...............................................